कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

हेरिटेज निगम के चारों जोन में आयोजित हुए स्वच्छता व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम।
अधिकारियों ने स्वच्छता को लेकर किया निरीक्षण।
मतदान के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए आमजन से किया आग्रह।
उपायुक्त, सीएसआई, एसआई सहित निगम के अन्य अधिकारी गण एवं पीआईयू की टीमें रही मौजूद।

19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव 2024 हेतु मतदान के मध्येनजर 100% मतदान के लिए नगर निगम जयपुर हैरिटेज क्षेत्र में मंगलवार को मतदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया व साथ ही स्वच्छता, महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।
हेरिटेज निगम आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया कि आदर्श नगर जोन के अंतर्गत स्थित वार्ड नंबर 91 के आनंदपुरी पार्क में उपायुक्त युगांतर शर्मा द्वारा स्वच्छता का निरीक्षण किया गया इस दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए उन्होंने घरों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण के लिये कचरा अलग–अलग चयनित पात्रों में डालकर कचरा कूड़ा गाड़ी में डालने के लिए आमजन से आग्रह किया।

वही सिविल लाइन जोन के वार्ड नंबर 40 मे हसनपुरा रोड नियर एनबीसी में स्वीप के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के तहत सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।
सिविल लाइन जोन के वार्ड नंबर 33 में रामनगर और सुभाष कॉलोनी में उपायुक्त श्रीमती मनीषा यादव द्वारा ओपन कचरा डिपो और डोर टू डोर कचरा व्हीकल का निरीक्षण किया गया और वार्ड नंबर 33 के रहवासियों से आग्रह किया गया कि दो डस्टबिन का उपयोग कर गीला और सूखा कचरा अलग–अलग चयनित पात्रों में डालें।
इसके अलावा आदर्श नगर जोन के वार्ड नंबर 93 में जवाहर एनक्लेव अपार्टमेंट के बगल में ओपन कचरा डिपो का निरीक्षण उपायुक्त युगांतर शर्मा द्वारा किया गया। जिसके तहत आसपास के रह वासियों को ओपन कचरा डिपो पर कचरा नहीं डालने और स्वच्छता बनाए रखने तथा गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण के लिए कचरा अलग–अलग चयनित पत्रों में डालकर कूड़ा गाड़ी में डालने के लिए आमजन से आग्रह किया गया।

हवामहल आमेर जोन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत शास्त्री नगर सर्किल पर उपायुक्त करतार सिंह, सरोज ढाका व डीपीओ अमित शर्मा ने सीफार एनजीओ की महिला सदस्यों के सहयोग से सूखा व गीला कचरा प्रबंधन करने के बारे में आमजन से सम्पर्क कर जागरूक कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता व आमजन को स्वयं के मतदान केसाथ अपने परिवार व आसपड़ोस के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए आग्रह किया गया।
किशनपोल जोन मे उपायुक्त पूजा मीणा ने व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने 100 प्रतिशत मतदान करवाने व मतदान के पश्चात ही अपनी दुकानें खोलने की वचनबद्धता दोहराई। इस अवसर पर सुभाष गोयल ,अध्यक्ष जयपुर व्यापार महा संघ, सुरेंद्र बज महामंत्री जयपुर व्यापार महा संघ ,सुरेश सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,मनीष खुटेटा ,मिन्नर सिंह राजावत, कैलाश मित्तल ,उपाध्यक्ष, सौभाग मला अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अन्य पदाधिकारी

व्यापार संघ के सब मेम्बर्स ने कहा वोट 100% कराएगे
व्यापार संघ ने कहा की पहले सब वोट देंगे उसके बाद ही अपनी शॉप खोलेंगे।
प्लास्टिक फ्री सिटी करने के लिये कहा।